इंटेक यंग हैरिटेज क्लब द्वारा संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन

आज दिनांक 05–04–2019 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के संभाग प्रथम के सभागार में इतिहास विभाग के इंटेक यंग हैरिटेज क्लब द्वारा एक सम्भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें इंटेक यंग हैरिटेज क्लब के कुल 13 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिन्होंने ऐतिहासिक व देश–भक्ति से ओत–प्रोत विभिन्न विषयों पर अपनी प्रस्तुति दी। इस भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा बी.ए. प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया जिन्होंने फतेहपुर सीकरी के इतिहास पर अपने विचार व्यक्त किए, द्वितीय स्थान रोज़ी बी.ए. तृतीय वर्ष, जिन्होंने चन्द्रशेखर आज़ाद पर व तृतीय स्थान सोनिया भाटी बी.ए. तृतीय वर्ष जिन्होंने महान क्रान्तिकारी भगत सिंह पर अपने विचार रखे। इसके अतिरिक्त सांत्वना पुरस्कार राखी सैनी बी.ए. द्वितीय वर्ष तथा मून कुमारी बी.ए. द्वितीय वर्ष ने हासिल किया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में श्री आनन्द मेहता जी, संयोजक, इंटेक चैप्टर फरीदाबाद और साथ ही साथ श्री शरद भसीन, सह–सचिव, इंटेक चैप्टर फरीदाबाद पधारे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. जे सी. आर्य, महासचिव, दयानंद शिक्षण संस्थान ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी ने की। इंटेक क्लब के संयोजक व इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह ने बताया कि यह क्लब निरंतर विभिन्न प्रतियोगिताएँ व शैक्षणिक भ्रमण द्वारा युवा पीढ़ी को भारत की एतिहासिक विरासतों व भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का ज्ञान कराता रहता है। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि श्री आनन्द मेहता व श्री शरद भसीन, प्रो. जे.सी. आर्य व प्राचार्य महोदय ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। श्री आनन्द मेहता जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को अपनी कला संस्कृति, इतिहास एवं सांस्कृतिक धरोहर के विषय में जानकारी मिलती है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि इंटेक क्लब द्वारा एतिहासिक धरोहरों के संरक्षण हेतु प्रयास बहुत ही सराहनीय है व इस क्लब के तत्वावधान में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों की प्रशंसा की। अंत में इतिहास विभाग में सहायक प्रवक्ता सुप्रिया ढ़ांडा ने मुख्य अतिथि, प्राचार्य महोदय व अन्य सभी प्रवक्तागणों का धन्यवाद किया।